हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 3 मई 2025

11 आज टोहाना से फतेहाबाद की नहरों में पहुंच जाएगा पानी...



12 श्रीराम सेवा समिति 4 मंजिला मल्टी स्पैशलिटी चैरिटेबल...



**खबर संक्षेप**

### फेंसिंग खिलाड़ियों के चयन का ट्रायल 4 को

**सिरसा।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए फेंसिंग (टीम इवेंट) में हरियाणा राज्य के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। यह ट्रायल 4 मई को सेक्टर-12, फरीदाबाद के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए ट्रायल होंगे। प्रत्येक वर्ग से 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### दूसरे के स्थान दिया पेपर आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गांव भट्टूकलां में दूसरे के स्थान पर पेपर देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है पकड़े के युवक की पहचान अक्षय कुमार पुत्र बलबीर थाना भूना फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी पीएसआई कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 12 अप्रैल 2022 को उडन्न दस्ता इंचार्ज रवि की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### जुआ खेलते 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**टोहाना।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने 10 जुआरियों को काबू कर उनके कब्जा से 29 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पोला, बन्टी राम, मोनू, छिन्दर, प्रेम कुमार, प्रेम सिंह, रिंकू, जगदीश, छिन्दा व गुड्डू निवासी जमालपुर शेखां के रूप मे हुई है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना सदर टोहाना मे जुआ अधिनियम के तहत मामला अंकित किया है। सदर टोहाना प्रभारी शादी राम ने बताया कि टोहाना सदर की पुलिस टीम गशत पर थी इसी दौरान सुचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने भट्टूकलां क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान नवीन कुमार पुत्र तेजा सिंह निवासी ढाणी ढाबी खुर्द के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना भट्टूकलां में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कृषि यंत्रों का द्वितीय भौतिक सत्यापन 6 से

**सिरसा।** कृषि विभाग द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रों का द्वितीय भौतिक सत्यापन आगामी 6 व 7 मई को किया जाएगा। सीआरएम योजना वर्ष 2024-25 के तहत आने वाले कृषि यंत्रों का सत्यापन विभाग द्वारा दो श्रेणियों किया जाएगा। कृषि उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह कंबोज ने बताया कि आगामी 6 मई को कपास मंडी सिरसा में खंड नाथुसरी चौपटा और स्ट्रॉ रेक कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### बाइक सवार 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान जेजे कॉलोनी क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को 10 ग्राम 44 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान कार्रवाई की।

### बेटा-बहू से प्रताड़ित मां ने खटखटाया कोर्ट का द्वार

**सिरसा।** डबवाली पुलिस द्वारा फरियाद पर सुनवाई न किए जाने को लेकर गांव गोदिकां की वृद्धा ने कोर्ट में इस्तगासा दायर कर कार्रवाई की मांग की। जेएमआईसी डबवाली सुमन पातलान की अदालत में दाखिल इस्तगासे के बाद पुलिस ने बेटा व बहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मौसम ने ली करवट

# आंधी के साथ झमाझम बारिश, बिजली सप्लाई ठप, अनाज मंडी में गेहूं भीगा

### मौसम विभाग ने 2 से 7 मई तक बारिश व धूल भरी हवाएं चलने की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शुक्रवार अलसुबह तेज आंधी के बाद बारिश हुई। यह बारिश करीब दो घंटे तक चलती रही। बारिश के कारण मंडियों में खुले में पड़ी गेहूं की ढेरियां व गेहूं की बोरियां भीग गई। आंधी के कारण सुबह ही अनेक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई वहीं अशोक नगर में एक स्कूल बस बारिश के पानी से भरे एक गड्ढे में धंस गई। फतेहाबाद में आज 24 एमएम बरसात दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से फतेहाबाद भीषण लू से जूझ रहा था। मौसम विभाग ने 2 मई से 7 मई तक पश्चिमी विक्षोभ आने की भविष्यवाणी की थी, जिस कारण बारिश व धूल भरी हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई थी। बीती रात पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते पहले तेज धूल भरी आंधी चली और उसके बाद तेज बरसात शुरू हो गई। अलसुबह शुरू हुई बारिश करीब 6 बजे तक जारी रही। तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति में बाधा आई। फतेहाबाद फीडर के ब्रेकडाउन होने के चलते शहर में बिजली सप्लाई ठप्प हो गई। जिस कारण पानी की सप्लाई भी नहीं हो पाई।



फतेहाबाद। गड्ढे में फंसी आर्यन स्कूल की बस। *फोटो: हरिभूमि*

#### जिलेभर में हुई बरसात

| | |
|---|---|
| फतेहाबाद | 21 एमएम |
| रतिया | 2 एमएम |
| टोहाना | 13 एमएम |
| भूना | 4 एमएम |
| भट्टूकलां | 24 एमएम |
| जाखल | 9 एमएम |
| कुलां | 12 एमएम |

#### भट्टूकलां में भी जमकर बारिश

शुक्रवार अलसुबह अचानक आए मौसम में हुए बदलाव के बाद हुई बरसात से तापमान में गिरावट आई। बरसात से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। इस बरसात ने लोगों की परेशानियों को भी बढ़ा दिया। पानी निकासी के उचित प्रबंध न होने से हिसार रोड, रेलवे रोड, सरकारी अस्पताल के पास व अनाज मंडी में सडके लबालब हो गई। सिवरेज का पानी भी ओवरफ्लो होने से पानी बदबू मारने लगा है। पिछले कई दिनों से सफाई ना होने से हिसार रोड पर जगह जगह कूड़े के ढेर पड़े है, बरसात के बाद यहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया। दुकानदार सुमित, पवन, आनंद, निर्मल, सुन्दर सोलंकी सहित अनेक दुकानदारों ने पानी निकासी की उचित प्रबंध करने की मांग की है।



भट्टूकलां। बरसात के बाद सडक़ों पर खड़ा पानी। *फोटो: हरिभूमि*

#### सड़क पर गेहूं पानी में तैरती दिखी

**भूना।** शुक्रवार अलसुबह तेज बारिश से शास्त्री अनाज मंडी भूना, खरीद केंद्र हसंगा, दिगोह, गोरखपुर और नहला में हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। कच्ची जमीन पर डाली गई गेहूं खराब हो गई। हसंगा केंद्र में कई बरसाती बोरियां पानी में डूब गई। व्यापारियों ने पानी निकालने के लिए कच्ची जगह में खाई खोदी। शास्त्री मंडी में सडक़ पर डाली गेहूं पानी में बहती दिखी। मजदूरों ने भीगी गेहूं को उठाकर सूखी जगह पर रखा। बारिश से गेहूं की बाकली बन गई। मजदूर दिनभर बोरियां उठाकर धूप में सुखाते रहे। कई ट्रकों में लदी गेहूं की बोरियां भी भीग गईं। मार्केट कमेटी के सचिव ईश्वर सिंह ढाका ने कहा कि प्रकृति के आगे किसान, व्यापारी और अधिकारी कुछ नहीं कर सकते। प्रशासनिक स्तर पर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

#### किसानों को मिली राहत

खेतों में कई दिनों से सिंचाई का इंतजार कर रहे किसानों को भी बारिश से कुछ राहत मिली है। इन दिनों किसान नरमा, कपास व ज्वार की बिजाई की तैयारी कर रहे हैं, जिसके लिए पानी की सख्त जरूरत है। बता दें कि इन दिनों नहरों में पानी न आने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। बारिश आने से किसानों को कुछ राहत मिली है। उत्तर-पूर्वी व दक्षिण पूर्वी हवाओं के चलने से पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। वातावरण में नमी बढ़ी है और तापमान सामान्य के आसपास आ गया है। हालांकि रात्रि तापमान में जरूर बढ़ोतरी हुई है।



सिरसा। कालांवाली अनाज मंडी में भीगे गेहूं की बोरियां। *फोटो: हरिभूमि*

## हजारों क्विंटल गेहूं चढ़ा अव्यवस्था की भेंट

- कई स्थानों पर पेड़ व बिजली के खंभे टूटे
- बरसाती पानी की निकासी न होने से शहर की सड़कें हुई लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला में वीरवार देर रात को तेज आंधी और बरसात के चलते जहां मंडियों में हजारों क्विंटल गेहूं अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई, वहीं बाजारों की सडक़ें पानी से भर गई। तेज आंधी से कई स्थानों पर पेड़ व बिजली के खंभे गिर गए और बिजली शुक्रवार दोपहर तक गुल रही। बरसात में आए एकाएक बदलाव से गर्मी से कुछ राहत मिली है। वहीं किसानों के लिए भी बरसात को लाभदायक बताया जा रहा है, क्योंकि किसान नरमा की बिजाई कर सकेंगे। बरसात से शहर में जलभराव के कारण बाजारों के हालात खराब हो गए। जनता भवन रोड बाजार हो या रानियां रोड बाजार व अन्य मार्केट। सब्जी मंडी और अनाज मंडी में जनभराव की स्थिति बनी हुई है।

#### आंधी से जीवन अस्त-व्यस्त

मंडियों में आया गेहूं बरसात के कारण भीग गया है। सिरसा, डबवाली, कालांवाली, रानियां सहित जिला की मंडियों में हजारों क्विंटल गेहूं बरसात की भेंट गया। कालांवाली मंडी में तो हालात सबसे बतदतर रहे। अनाज मंडी में शैड के नीचे पानी घुस गया और गेहूं पानी में तैरने लगी। उधर, डबवाली में देर रात आई तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। रात करीब 12.35 बजे आई आंधी से गांव अबूबशहर के पास राजस्थान केनाल पर कालातीतर के निकट एक पेड़ लिंक रोड पर गिर गया। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग 54 से गांव गंगा और सुखेरा खेड़ा जाने वाला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। वाहन चालकों ने पेड़ को हटाने का प्रयास किया, लेकिन भारी होने के कारण यह संभव नहीं हो सका। अब लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ रहा है। इसके अलावा आंधी के कारण क्षेत्र में कई बिजली की लाइनें टूट गई। घरों, दुकानों और धर्मकांटों के लोहे के शेड उखडक़र दूर जा गिरे। डबवाली एरिया में 40 से ज्यादा पेड़ रोड पर गिरे, जिससे मार्ग भी अवरूद्ध हुए।

## एसडीएम ने वेंडिंग जोन, मेन बाजार का किया निरीक्षण

- इस दौरान दुकानदारों ने भी अपनी समस्याएं रखी, जल्द समाधान का दिया आश्वासन
- अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

एसडीएम अर्पित संगल ने नगर परिषद डबवाली द्वारा चिह्नित वेंडिंग जोन के स्थानों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मेन बाजार का भी निरीक्षण किया और मौके की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित दुकानदारों ने एसडीएम अर्पित संगल के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी, जिसका उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद मंडी डबवाली को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि रेहड़ी आदि केवल चिह्नित वेन्डिंग जोन में ही लगाई जाएं ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और बाजार क्षेत्र में यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



सिरसा। एसडीएम डबवाली में मेन बाजार का निरीक्षण करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## राइस मिल में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

- मिल में पड़ी गेहूं की जांच जारी
- गेट पास व अन्य दस्तावेजों को भी जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

सीएम फ्लाइंग की एक टीम ने आज गुप्त सूचना के आधार पर फतेहाबाद रोड पर एक राइस मिल में छापा मार कार्रवाई की और मिल में पड़ी हुई गेहूं के मामले में जांच की। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग की इंचार्ज सुनैना ने किया जबकि उनके साथ मार्केट कमेटी के सचिव राजकुमार व खरीद एजेंसियों के अधिकारी भी मौजूद थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग को पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि रतिया के कुछ क्षेत्रों में व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से कुछ गोदाम व राइस मिल में गेहूं का भंडारण किया जा रहा है और मार्केट फीस की चोरी की जा रही है शिकायत मिलने के बाद आज देर शाम सीएम फ्लाइंग की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में टीम ने फतेहाबाद रोड पर एक राइस मिल में छापा मारा उनके साथ मार्केट कमेटी व खरीद एजेंटीयों के अधिकारी भी थे सूचना मिलते ही राइस मिल संचालक भी मौके पर पहुंच गए समाचार लिखे जाने तक टीम द्वारा मिल में पड़ी हुई गेहूं की जांच की जारी थी और गेट पास व अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही थी।



रतिया। मिल में जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

## सोने की घड़ी व डॉलर आने के नाम पर 6 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कुरियर में सोने की घड़ी व डालर आने पर टैक्स के नाम भट्टूकलां के एक युवक से साइबर ठगों ने लाखों रुपये हड़प लिए। युवक को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने शुक्रवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### *कुरियर पर कस्टम ड्यूटी ने नाम पर लिए पैसे*

*अगले दिन दोबारा फोन कर उसे कहा गया कि उसके कुरियर की कीमत ज्यादा है इसलिए ज्यादा कस्टम डयूटी लगेगी तो उसने 96 ालर रुपये ओर ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद एक युवक ने बैंक कर्मचारी बनकर फोन किया और कहा कि कुरियर पर टैक्स भरना होगा। जिस पर उसने 4 जनवरी को 47 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद उससे स्टेट एक्साइज ड्यूटी के नाम पर हजारों रुपये ले लिए। इसके बाद भी उससे अलग-अनग नंबरों से फोन कर टैक्स के नाम पर पैसों की डिमांड करने लगे। इस तरह उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन से कुल 6 लाख 3800 रुपये भेज दिए थे। इसके बाद जब उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई।*

पुलिस को दी शिकायत में गांव मेहूवाला निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि दिसम्बर 2024 में उसके व्हाटसएप पर एक मैसेज आया कि उसका कुरियर आया हुआ है। इसके बाद उसने मोबाइल पर फोन आया कि उसका मुम्बई शिवाजी एयरपोर्ट से एक कुरियर आया हुआ है। इसमें एक सोने की घड़ी, एक आई फोन व 5 हजार यूएस डालर है। इसको लेने के लिए उसे टैक्स देना पड़ेगा। विनोद ने कहा कि उक्त युवक की बातों पर विश्वास करके उसने 1 जनवरी 2025 को गुगल पे के माध्यम से 32800 रुपये ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद उसे कहा गया कि इस पर कस्टम ड्यूी भी लेगी।

## आंधी से गिरा पेड़, शेरांवाली माइनर टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव मल्लेकां के निकट शुक्रवार तडक़े शेरांवाली माइनर टूट गई जिसके कारण दर्जन भर गांवों में पेयजल का संकट पैदा हो गया है। लंबी प्रतीक्षा के बाद शेरांवाली माइनर में नहरी पानी छोड़ा गया था जिसके शुरुआत में ही बड़ी दरार आ गई और काफी पानी व्यर्थ में बह गया।जानकारी के अनुसार शेरांवाली नहर मल्लेकां के पास आरडी एक लाख 9 हजार बर्जी के पास से तडक़े 4 बजे टूट गई। नहर टूटने का कारण आंधी से पेड़ गिरना बताया गया है। नहर टूटने की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। नहर का पानी सेमनाल में डाल दिया गया। सिंचाई विभाग के बेलदार लीलाधर ने बताया कि पेड़ गिरने से नहर टूटी है। नहर का पानी सेमनाल में डाला जा रहा है। किसानों का आरोप है कि नहरी विभाग के अधिकारी नहर में पानी छोडऩे से पूर्व व समय-समय पर पेट्रोलिंग सही ढंग से नहीं कर रहे हैं जिसके कारण नहर टूट रही हैं। उनका कहना है कि नवनिर्मित नहर में निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया गया है जिसके कारण पानी का बहाव सहन नहीं हो पाया और काफी बड़ा हिस्सा पानी में बह गया। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता का कहना है कि नहर को पाटने का कार्य किया जा रहा है। जल्दी ही पाट कर पानी छोड़ दिया जाएगा।

### टीईई के लिए दस्तावेज जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 तक

फतेहाबाद। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र 1031 राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा के समन्वयक डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि जून 2025 टीईई यानि टीर्म एंड एक्जामिनेशन के लिए ओपन डिस्टेंस लर्निंग ऑनलाइन कार्यक्रमों, जीओएएल और ईवीबीबी के असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क, सामान्य, प्रैक्टिकम, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इन सभी दस्तावेजों को 31 मई, 2025 तक जमा किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व सभी शैक्षणिक दस्तावेज और रिपोर्ट अपलोड या जमा करवाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बिखेरी मुस्कान

## गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया

- परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन के दिशा निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत एक और सराहनीय कार्य करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने दो गुमशुदा बच्चों को उनके परिवार से मिलाकर न सिर्फ एक परिवार को राहत दी, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी लौटाई। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिवार की खुशी की ठिकाना नहीं रहा। थाना भट्टू कलां प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि नितिन व उसका छोटा भाई घनश्याम दोनों खेलते समय दोपहर को घर से चले गए और भटक गए। परिवार के सदस्यों ने दोनों बच्चों को घर पर ना आने पर उनकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उनका कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने भट्टूकलां थाना में रात्रि 11 बजे सूचना दी। इस पर एएसआई सत्यवान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों बच्चों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के नजदीक पार्क के पास से दोनों बच्चों को रोते हुए बरामद कर लिया और उनके पिता विकास पुत्र वेदनाथ निवासी बनगांव को सूचना दी। सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन थाने में पहुंचे जहां पुलिस ने बच्चों को इनके हवाले कर दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पल उनके जीवन का सबसे सुखद क्षण है।



फतेहाबाद। अपने बच्चों के साथ बनगांव का विकास।

## नीट परीक्षा के मद्देनजर धारा 163 लागू

- कल होगी परीक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिले में 4 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा 2025 के मद्देनजर जिलाधीश शांतनु शर्मा ने परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार 4 मई को परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में हथियार लेकर जाना, बिना पहचान पत्र के किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा, वहीं परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानें और कोचिंग सेंटर भी बंद रहेंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में वाहन पार्किंग पर भी प्रतिबंध रहेगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी प्रकार के डिवाइस गैजेट, मोबाइल फोन आदि के इस्तेमाल पर भी पाबंदी रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में लाउडस्पीकर के प्रयोग की भी अनुमति नहीं होगी। आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 4 मई को परीक्षा समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।


बंदर हमेशा केला छीलकर खाते हैं। किसी भी नस्ल का बंदर छिलके सहित केला नहीं खाता।


शेर को भले ही जंगल का राजा कहा जाता है, लेकिन वह गेंडे और हाथी से कभी भी लड़ना नहीं चाहता।

# अच्छी कमाई के लिए रोबोटिक इंजीनियरिंग में बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

रोबोटिक इंजीनियरिंग एक ऐसा कोर्स है जिसकी मौजूदा समय में काफी डिमांड बढ़ गई है। यह ऐसा कोर्स है, जिसको करने के बाद स्टूडेंट्स के लिए जॉब के काफी अवसर बढ़ जाते हैं, अच्छी बात यह है कि ये कोर्स आप देश और विदेश दोनों जगह से कर सकते हैं। इसमें खर्च भी बहुत अधिक नहीं आता है। जॉब और मुनाफे के लिहाज से भी इस कोर्स की काफी अहमियत है। आने वाला समय रोबोट का ही है। ऐसे में इस फील्ड में नौकरी के बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे। ऐसे में इस खबर के जरिए हम आपको बताएंगे कि आखिर इस कोर्स को करने के लिए आपके पास क्या योग्यता होनी चाहिए और आप इसमें कैसे करियर बना सकते हैं।

## क्या है रोबोटिक इंजीनियरिंग

यह एक तरह का ऑटोमेटिक मैकेनिकल डिवाइस है, जो कंप्यूटर प्रोग्रामिंग या मशीनी प्रोग्रामिंग भाषा की सहायता से काम करता है। इस सिस्टम में सेंसर, कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई और सॉफ्टवेयर जैसी चीजें एक साथ वर्क करती हैं। अगर हम रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की बात करें तो यह कई ब्रांचों से मिलकर बनी है। इसमें कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर और मैकेनिकल इंजीनियर मिलकर रोबोट के डिजाइन , कंस्ट्रक्शन , पावर सप्लाई , इन्फॉर्मेशन प्रोसेसिंग और सॉफ्टवेयर पर काम करता है।

## जरूरी योग्यता क्या हैं

रोबोटिक्स के क्षेत्र में अगर आप अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं क्लास साइंस स्ट्रीम से करना होगा। इसके बाद आप मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल , बीई या कंप्यूटर साइंस जैसे कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। वहीं, बैचलर की डिग्री पूरी करने के बाद आप रोबोटिक्स में मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा करियर बनाने के लिए आपको इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस में जुड़ी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। रोबोटिक कोर्स एक तरह से लॉन्गटर्म रिसर्च ओरिएंटिड कोर्स है। आप इस क्षेत्र से जुड़े कुछ शार्ट टर्म्स कोर्सेज जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स , एडवांस रोबोटिक्स सिस्टम भी करके अपना करियर बना सकते हैं।

## आखिर क्यों खास है यह कोर्स



रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग करने के बाद आपके पास अनगिनत जॉब के मौके होते हैं। ये कोर्स करने के बाद आप रोबोट के रिसर्च एंड डेवलपमेंट, रोबोट मैन्युफैक्चरिंग एंड टेस्टिंग, क्वालिटी कंट्रोल के सेक्टर में कार्य कर सकते हैं। यहां पर आप रोबॉटिक्स इंजीनियर, रोबॉटिक्स साइंटिस्ट, टेक्नीशियन के तौर पर जॉब कर सकते हैं। वहीं रोबोटिक्स में मास्टर डिग्री करने वाले छात्र इसरो और नासा जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में जा सकते हैं। इस फील्ड के उम्मीदवारों को नासा के अलावा अन्य बहुत से प्राइवेट इंडस्ट्रीज, ऑटोमोबाइल्स और इंडस्ट्रीयल टूल्स में जॉब के अवसर मिलते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो सेफ्टी रोबोटिक्स जैसे कि मिलिट्री या बम्ब निष्क्रिय करने वाले रोबोटिक्स के सेक्टर में भी करियर बना सकते हैं। इन जगहों पर आपको रोबोटिक्स प्रोग्रामर, रोबोटिक्स डिजाइन इंजीनियर, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, रोबोट टेस्ट इंजीनियर, ऑटोमेटेड प्रोडक्ट डिजाइन इंजीनियर जैसे जॉब प्रोफाइल पर रहकर कार्य करना होगा।

## यहां-यहां कर सकते हैं कोर्स

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग आप इंडिया में भी कर सकते हैं, क्योंकि यह कोर्स आईआईटी हैदराबाद, कानपुर, मुंबई, दिल्ली, गुवाहाटी, मद्रास, रूडक़ी सहित विदेश से भी कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले यह स्टडी करें कि किस यूनिवर्सिटी से कोर्स करना चाहते हैं। वहां पाठ्यक्रम विवरण, निवास के लिए आवश्यक शर्तें और रोजगार परमिट, ट्यूशन खर्च और अन्य जानकारी सहित सभी प्रासंगिक जानकारी की जांच अवश्य कर लें।

| कॉलेज | शहर |
|---|---|
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | कानपुर |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | हैदराबाद |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | रुड़की |
| एमिटी यूनिवर्सिटी | गुरुग्राम |
| मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | मणिपाल |
| चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी | वडोदरा |
| यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग | हैदराबाद |
| गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी | दिल्ली |
| एनआईई मैसूर | मैसूर |
| पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी | कोयंबटूर |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन | इलाहाबाद |

### जर्मनी से कर सकते हैं कम खर्च में डिग्री

जर्मनी में विश्वविद्यालय रोबोटिक्स में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के इच्छुक भारतीय छात्रों सहित अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। जर्मनी में, कई विश्वविद्यालय रोबोटिक्स कायक्रम में मास्टर्स डिग्री एमएस के लिए अच्छे अवसर हैं। रोबोटिक्स प्रोग्राम में जर्मन मास्टर का कोर्स दो साल तक चलता है और 5,000 से 20,000 यूरो के बीच खर्च होता है। यहां कोर्स करने के बाद छात्रों के लिए कॅरियर के अच्छे अवसर हैं।

### यहां मिलेंगे ये जॉब करने के अच्छे अवसर

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग करने के बाद आपके लिए जॉब के कई अवसर खुल जाते हैं, आप सेफ्टी रोबोटिक्स में जैसे मिलिट्री या बम निष्क्रिय करने वाले सेक्टर में करियर बनाने के साथ ही रोबोटिक्स प्रोग्रामर, रोबोटिक्स डिजाइन इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, रोबोट टेस्ट इंजीनियर, ऑटोमेटेड प्रोडक्ट डिजाइन इंजीनियर जैसे जॉब प्रोफाइल में रहकर काम करना होगा। रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग करने के बाद आपके पास जॉब के कई विकल्प होते हैं। यही कारण है कि अब रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की डिमांड बढ़ती जा रही है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग एक हाई सैलरी प्रोफेशन है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के बाद आपके पैकेज की शुरुआत प्रति वर्ष 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच होती है, जो आपके अनुभव के अनुसार बढ़ती रहती है।

---

## तकनीकी उपकरणों से बातचीत के तरीकों में बढ़ाएं रुचि

# वॉइस यूजर इंटरफेस डिजाइनर ; शानदार करियर विकल्प, रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का मेल

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



यदि आप भी तकनीकी उपकरणों से बातचीत के नए तरीकों में रुचि रखते हैं और यह मानते हैं कि भविष्य में लोग स्क्रीन की बजाय अपनी आवाज़ से उपकरणों को संचालित करेंगे, तो वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर बनना एक शानदार करियर विकल्प हो सकता है। यह पेशा रचनात्मकता, भाषा और तकनीकी ज्ञान का मेल है, जो डिजिटल दुनिया को और अधिक मानवीय तथा सहज बनाता है। एक वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर का मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना होता है कि उपयोगकर्ता किसी मशीन या सॉफ़्टवेयर से स्वाभाविक और प्रभावी संवाद कर सके। वे यह तय करते हैं कि उपयोगकर्ता क्या बोलेंगे, प्रणाली कैसे समझेगी, और उसे कैसे उत्तर देना चाहिए। इसके लिए उन्हें उपयोगकर्ता अनुभव (यूएक्स), भाषाविज्ञान, मनोविज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

- मार्ट स्पीकर और डिजिटल सहायक : जैसे अमेज़न एलेक्सा, गूगल असिस्टेंट
- स्वचालित वाहन प्रणालियां : आवाज़ द्वारा कार को नियंत्रित करना
- स्वास्थ्य सेवाएं : रोगियों से वॉइस नोट लेना, दवा रिमाइंडर
- ग्राहक सेवा केंद्र : आवाज़ आधारित उत्तरदाता प्रणाली
- शिक्षा और विशेष आवश्यकता वाले उपयोगकर्ता : दृष्टिहीन या अशक्तजनों के लिए वॉइस टूल्स

### रोज़गार के अवसर

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन केवल तकनीकी कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल, एजुकेशन, बैंकिंग, कस्टमर सर्विस और एंटरटेनमेंट जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है। जैसे-जैसे लोग वॉइस असिस्टेंट्स और स्मार्ट डिवाइसेज़ के ज़रिए तकनीक से जुड़ने लगे हैं, वैसे-वैसे इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग भी बढ़ती जा रही है। एक वॉइस यूआई डिज़ाइनर न केवल टेक्नोलॉजी कंपनियों में नौकरी कर सकता है, बल्कि स्वतंत्र कंसल्टेंट, स्टार्टअप संस्थापक या शोधकर्ता के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकता है। इस क्षेत्र में अनुभव के साथ आप प्रोडक्ट लीड, यूएक्स डायरेक्टर या एआई डिजाइन स्ट्रैटजिस्ट जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं तक पहुँच सकते हैं।

### डिजिटल दुनिया को सहज बनाने में सक्षम



#### तेज़ी से उभरता हुआ करियर

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन एक तेज़ी से उभरता हुआ और भविष्य-केन्द्रित क्षेत्र है, जिसमें संवाद, भाषा और तकनीकी समझ का अद्भुत मिश्रण होता है। यदि आप मानवीय अनुभव को तकनीकी दुनिया से जोड़ने में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक उपयुक्त विकल्प हो सकता है।

सुझाव: किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.career-jaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### शिक्षा और योग्यता

#### भाषा विज्ञान के संगम पर आधारित

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन एक ऐसा क्षेत्र है जो तकनीक, डिज़ाइन और भाषा विज्ञान के संगम पर आधारित है। इस क्षेत्र में सफल करियर के लिए केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानव व्यवहार, संवाद शैली और डिज़ाइन सोच की भी अच्छी समझ होना जरूरी है। इसलिए यह अनुशंसा की जाती है कि विद्यार्थी बहु-विषयक पढ़ाई करें, जिसमें कंप्यूटर विज्ञान, मानव-कंप्यूटर इंटरफ़ेस, भाषाविज्ञान, और डिज़ाइन जैसे विषय शामिल हों। आज कई अग्रणी संस्थान इन विषयों में विशेष पाठ्यक्रम (कोर्स) प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को इस क्षेत्र की ठोस नींव मिल सके। वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन में करियर बनाने के लिए आप नीचे दिए गए विषयों में पढ़ाई कर सकते हैं।

### यह पढ़ाई करें

- उपयोगकर्ता अनुभव डिज़ाइन (यूएक्स डिज़ाइन)
- कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)
- भाषाविज्ञान और मनोविज्ञान
- संचार एवं मीडिया अध्ययन
- सांख्यिकी एवं डेटा विश्लेषण

### यहां मिलेगी सफलता

**कम्युनिकेशन डिज़ाइन :** प्रभावी वाक्य संरचना और प्रतिक्रिया योजना
**उपयोगकर्ता व्यवहार की समझ :** बातचीत करने के तरीके समझना
**स्वर विश्लेषण और भाषाई प्रसंस्करण** (स्पीच प्रोसेसिंग एवं एनएलपी)
**डिज़ाइन उपकरणों** का उपयोग जैसे वौइस् फ्लो, फिगमा, डायलॉगफ़्लो
**डेटा विश्लेषण** एवं उपयोगकर्ता परीक्षण

### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. **भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बॉम्बे
ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन और डिज़ाइन में स्नातकोत्तर
2. **भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
**पाठ्यक्रम:** एनएलपी और मशीन लर्निंग में एम.टेक
3. **भारतीय** विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु
**पाठ्यक्रम:** कंप्यूटर साइंस एंड नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में अनुसंधान कार्यक्रम
4. **जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली
**पाठ्यक्रम:** लैंग्वेज इंटरफ़ेस में एम.ए./एम.फिल
5. **भारतीय** जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली
**पाठ्यक्रम:** डिजिटल मीडिया और कम्युनिकेशन डिज़ाइन में

#### निजी संस्थान

1. **पर्ल अकादमी,** नई दिल्ली/मुंबई
**पाठ्यक्रम:** डिजिटल इंटरफ़ेस डिज़ाइन में स्नातक कार्यक्रम
2. **एमिटी** विश्वविद्यालय, नोएडा
**पाठ्यक्रम:** यूजर इंटरफेस एवं डिज़ाइन में बी.डिज़ाइन
3. **मणिपाल** प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक
**पाठ्यक्रम:** कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस में बी.टेक
4. **सिम्बायोसिस** इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, पुणे
**पाठ्यक्रम:** वौइस् और इंटरफ़ेस डिज़ाइन में स्नातक कोर्स
5. **अपग्रेड** (ऑनलाइन), गूगल प्रमाणन के साथ
**पाठ्यक्रम:** वौइस् बेस्ड इंटरफ़ेस डिज़ाइन और यूजर एक्सपीरियंस में सर्टिफिकेट कोर्स

#### आवश्यक कौशल

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर बनने के लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवाद कौशल, रचनात्मकता और उपयोगकर्ता की सोच को समझने की क्षमता भी आवश्यक होती है। इस पेशे में आपको मशीन को इंसानों की तरह सोचने और बोलनेश् लायक बनाना होता है, इसलिए संवाद संरचना, उपयोगकर्ता अनुभव डिज़ाइन, और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों की जानकारी अनिवार्य है। इसके अलावा, अलग-अलग उपकरणों और सॉफ़्टवेयर का प्रयोग, उपयोगकर्ता परीक्षण, और बहुभाषी इंटरफ़ेस डिज़ाइन करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता दिला सकती है।

#### योग्यता

**तकनीकी कंपनियां :** गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, टाटा एलेक्सी
**ऑटोमोबाइल कंपनियां :** टेस्ला, महिंद्रा, टाटा मोटर्स
**स्वास्थ्य सेवाएं :** एआई हेल्थ स्टार्टअप्स जैसे 1 एमजी, पोर्टिया
**डिज़ाइन एजेंसियां :** टीसीएस इंटरएक्टिव, ओगिल्वी डिज़ाइन
**फ्रीलांस कार्य :** प्रोजेक्ट आधारित स्वतंत्र काम और परामर्शदाता सेवाएं

#### वेतन और संभावनाएं

भारत में भी डिजिटलीकरण और बहुभाषी वॉइस असिस्टेंट्स की आवश्यकता को देखते हुए यह क्षेत्र भविष्य में अपार संभावनाएं प्रदान करता है। यदि आप तकनीकी विशेषज्ञता के साथ-साथ रचनात्मक और भाषाई सोच रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोल सकता है। एक वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर के लिए निम्न प्रकार के वेतन एवं अवसर होते है।

- **प्रारंभिक वेतन:** 40,000 से 80,000 रुपये प्रतिमाह
- **मध्यम अनुभव (5 वर्षों तक):** 1,00,000 से 2,50,000 रुपये प्रतिमाह
- **वरिष्ठ स्तर:** 25 लाख से 40 लाख रुपये वार्षिक (कंपनियों और अनुभव पर निर्भर)
- **फ्रीलांसर:** प्रति प्रोजेक्ट 1 लाख से 5 लाख रुपये तक या 1,000 से 5,000 रुपये प्रति घंटा

---

# प्रेरणा का आधार बाहरी सामाजिक अपेक्षाओं में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता में निहित



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज की तेज़-रफ़्तार दुनिया में विद्यार्थियों के सामने न केवल शैक्षिक चुनौतियां हैं, बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक दबाव भी हैं। प्रेरणा, जो कभी केवल "कड़ी मेहनत" और "लक्ष्य प्राप्ति" के इर्द-गिर्द घूमती थी, अब एक गहरे और समग्र दृष्टिकोण की मांग करती है। यह लेख विद्यार्थी प्रेरणा को एक नए, अनोखे नजरिए से देखता है, जो परंपरागत तरीकों से हटकर है और आत्म-खोज, रचनात्मकता, और आंतरिक शक्ति पर केंद्रित है। प्रेरणा का आधार बाहरी पुरस्कारों या सामाजिक अपेक्षाओं में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता में निहित है। विद्यार्थियों को यह समझने की जरूरत है कि वे कौन हैं, उनकी रुचियां क्या हैं, और वे क्या हासिल करना चाहते हैं। यह प्रक्रिया एक डायरी लिखने, ध्यान करने, या अपने शौक को समय देने जैसी छोटी-छोटी गतिविधियों से शुरू हो सकती है।

### रुचियां और पढ़ाई हो सकते हैं एक-दूसरे के पूरक

उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी संगीत में रुचि रखता है, तो उसे गणित को संगीत की लय से जोड़कर समझाया जा सकता है। यह न केवल विषय को रोचक बनाता है, बल्कि विद्यार्थी को यह एहसास भी दिलाता है कि उसकी रुचियाँ और पढ़ाई एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

**असफलता को गले लगाना :** हमारे समाज में असफलता को अक्सर नकारात्मक रूप में देखा जाता है, लेकिन इसे प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों को यह सिखाना जरूरी है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। इसके लिए शिक्षकों और अभिभावकों को "ग्रोथ माइंडसेट" को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह दृष्टिकोण विद्यार्थियों को विश्वास दिलाता है कि मेहनत और अभ्यास से वे बेहतर हो सकते हैं।

**एक मजेदार गतिविधि हो सकती है:** विद्यार्थियों से उनकी "सबसे बड़ी असफलता" की कहानी लिखने को कहें और फिर उससे क्या सीखा, यह साझा करने को कहें। यह न केवल उन्हें आत्म-विश्लेषण करने में मदद करता है, बल्कि उनके अंदर यह विश्वास भी जगाता है कि हर चुनौती एक अवसर है।

**रचनात्मकता को प्रेरणा का ईंधन बनाना:** पारंपरिक प्रेरणा तकनीकें जैसे टाइम-टेबल बनाना या इनाम की उम्मीद करना अब पुरानी पड़ चुकी हैं। आज के विद्यार्थी रचनात्मकता से प्रेरित होते हैं।

### समुदाय और सहयोग की शक्ति

प्रेरणा केवल व्यक्तिगत नहीं होती; यह सामूहिक भी हो सकती है। जब विद्यार्थी एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं, तो वे न केवल नई चीजें सीखते हैं, बल्कि एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। समूह प्रोजेक्ट्स, पीयर-टू-पीयर शिक्षण, या क्लब गतिविधियाँ विद्यार्थियों में यह भावना जगाती हैं कि वे अकेले नहीं हैं। स्कूलों में "प्रेरणा सर्कल" बनाए जा सकते हैं, जहाँ विद्यार्थी सप्ताह में एक बार इकट्ठा होकर अपनी उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ, और सपने साझा करें। यह न केवल उन्हें भावनात्मक समर्थन देता है, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल भी बनाता है।

**प्रेरणा का रखरखाव:** छोटे कदम, बड़े सपने प्रेरणा को बनाए रखने के लिए बड़े लक्ष्यों को छोटे-छोटे कदमों में तोड़ना जरूरी है। विद्यार्थियों को यह सिखाना चाहिए कि हर छोटी उपलब्धि मायने रखती है। उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा है, तो उसे हर अध्याय पूरा करने के बाद खुद को बधाई देने के लिए प्रोत्साहित करें। यह छोटी जीतें आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और लंबे समय तक प्रेरणा बनाए रखती हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को यह भी याद दिलाना चाहिए कि प्रेरणा का मतलब हर समय उत्साहित रहना नहीं है। कुछ दिन आलस भरे हो सकते हैं, और यह ठीक है। ऐसे समय में खुद के साथ दयालु होना और धीरे-धीरे वापस लय में आना महत्वपूर्ण है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किस हिमालय चोटी को सागरमाथा कहते हैं ?
(ए) नंगा पर्वत
(बी) धौलागिरि
(सी) माउंट एवरेस्ट
(डी) कंचनजंघा

**2.** एडमंड हिलेरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले किस वर्ष विजय प्राप्त की गई ?
(ए) 1898 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1957 ई. में
(डी) 1969 ई. में

**3.** नंदा देवी चोटी है -
(ए) असम हिमालय का भाग
(बी) कुमायूं हिमालय का भाग
(सी) नेपाल हिमालय का भाग
(डी) पंजाब हिमालय का भाग

**4.** हिमालय पर्वत की एक श्रेणी अराकानयोमा कहाँ स्थित है ?
(ए) बलूचिस्तान
(बी) म्यांमार
(सी) नेपाल
(डी) थाईलैंड

**5.** जम्मू-कश्मीर में स्थित निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का पूर्व से पश्चिम की ओर क्रम होगा 1. जास्कर श्रेणी 2. पीरपंजाल श्रेणी 3. काराकोरम श्रेणी 4. लद्दाख श्रेणी
(ए) 4,3,1,2
(बी) 2,1,3,4
(सी) 3,4,1,2
(डी) 1,2,3,4

**6.** भारत की सर्वोच्च पर्वत श्रेणी कौन - सी है ?
(ए) गॉडविन ऑस्टिन
(बी) कंचनजंघा
(सी) नंदा देवी
(डी) एवरेस्ट

**7.** कुल्लू घाटी निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों के बीच अवस्थित है -
(ए) धौलाधार तथा पीरपंजाल
(बी) रणज्योति तथा नागटिब्बा
(सी) लद्दाख तथा पीरपंजाल
(डी) मध्य हिमालय तथा शिवालिक

**8.** उत्तराखंड का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है -
(ए) बद्रीनाथ
(बी) केदारनाथ
(सी) कामेत
(डी) नंदादेवी

उत्तर 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### घर से आभूषण व नकदी चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने वार्ड नंबर 17 निवासी सुलोचना विधवा रोहताश की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सुलोचना ने बताया कि वह अपने बेटों के साथ दिहाड़ी करने के लिए राजस्थान के कस्बा विजयनगर गई हुई थी। एक मई को जब वह अपने घर लौटी तो घर के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात व्यक्ति पेटी से चांदी के जेवर, 10 हजार रुपये नगद, कांसे के बर्तन, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चुरा ले गया।

### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने रुपनगर नजदीक जगदंबे पेपर मील क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को काबू किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान हरजीत सिंह निवासी मेला ग्राउंड सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दुपेश कुमार निवासी रुपनगर सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 28 अप्रेल को मजदूरी करके आया था और बाइक को घर के बाहर खड़ी करके घर के अंदर चला गया था।

### डोडा चूरापोस्त सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान शहर के बाजीगर मोहल्ला क्षेत्र से एक युवक को 2 किलो 202 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित काबू किया है। सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा पुलिस की एक टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर से होते हुए बांदर वाली पुलिया की ओर जा रहे थी। इसी दौरान पुलिस बाजीगर मोहल्ला के नजदीक पंहची तो सामने मकान के बाहर एक युवक अपने हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए हुए खड़ा दिखाई दिया।

### सड़क हादसे के आरोपी चालक को किया काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नेशनल हाइवे पर हुए सडक़ हादसे में बाईक सवार युवक की मौत के मामले में थार गाड़ी के चालक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मदन गिर पुत्र जोगिन्द्र गिर निवासी शेखुपुर जिला पटियाला के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 अप्रैल को गांव करंडी निवासी सुदेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## उपायुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक, जलाशयों, तालाबों एवं जोहड़ों को नहरी पानी से भरने के आदेश

# आज टोहाना से फतेहाबाद की नहरों में पहुंच जाएगा पानी, पेयजल की किल्लत होगी दूर

### लोगों से अपील जल संरक्षण को लेकर जागरुकता फैलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को टोहाना से जिला फतेहाबाद की नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा, जिससे लोगों को पेयजल की दिक्कत नहीं होगी। जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति को साफ पेयजल मिले, इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी तत्परता से काम करें ताकि लोगों को पानी की दिक्कत का सामना न करना पड़ा। उपायुक्त शुक्रवार सुबह अधिकारियों की बैठक ले रही थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के जलाशयों, तालाबों एवं जोहड़ों को नहरी पानी से भरा जाए। उपायुक्त ने पंचायतों, स्थानीय निकायों व सामाजिक संगठनों से भी अपील की कि वे जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाएं और प्रशासन को सहयोग दें। गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढ़ जाती है इसलिए प्रशासन की प्राथमिकता है कि गर्मी के आने से पहले ही जल स्रोत पूरी तरह भर दिए जाएं। यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें जल की एक-एक बूंद का संरक्षण करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी विभाग प्रमुखों को उनके कार्यों की नियमित समीक्षा रिपोर्ट प्रशासन को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित उपमंडलाधीश को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने उपमंडलों में बीडीपीओ व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्रों का दौरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि वे ग्राम सचिवों व सरपंचों के माध्यम से उनकी पानी की मांग को सिंचाई विभाग के अधिकारियों से सांझा कर ग्रामीण क्षेत्रों में बने जलाशयों को पानी से भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन के साथ-साथ पशुओं के पानी की भी व्यवस्था उपलब्ध हो सके।



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करती उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

### मुआवजे को लेकर डीसी से की मुलाकात

**सिरसा।** भारतीय किसान यूनियन ने गांव माखोसरानी रुपाणा दड़बा और गांव शेखुपुरिया में पिछले दिनों आगजनी में नष्ट हुई फसल व ट्रैक्टर के मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई, वहीं नहरों में पानी की कमी को लेकर भी डीसी को अवगत करवाया। किसान नेता प्रकाश ममेरा ने कहा कि अगर सरकार ने किसानों को जल्द मुआवजा न दिया तो भारतीय किसान यूनियन कोई बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर संदीप कासनियां, दीवान सहारण, बलराम सहारण, रणधीर, सतवीर सहपुरिया, महेंद्र सहपुरिया, अमर बनवाला, संदीप गोरछीया, हंसराज मातुवाला, पवन, काशीराम आदि मौजूद रहे।

### गाड़ियों को धोकर पानी व्यर्थ न बहाएं

उपायुक्त ने कहा कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, जल स्रोतों पर दबाव भी तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए हमें समय रहते जल बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जल एक अनमोल संसाधन है, जिसे हमें पूरी जिम्मेदारी से उपयोग में लाना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जल के महत्व को समझें और जरूरअनुसार पानी को उपयोग में लेकर आएं। उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों से आह्वान किया कि घरों में पानी की टोंटी को खुला ना छोड़े। उन्होंने कहा कि आमतौर पर घरों में यह देखा जाता है कि पानी की सप्लाई आने के उपरांत टैंक भरने के बाद भी पानी ओवर फ्लो होता रहता है जिससे बिजली व पानी की बर्बादी होती है।



**सिरसा।** नहरों में पानी छोडऩे की मांग को लेकर धरना देते किसान।

## सिरसा : नहरों में पानी छोड़ने को लेकर किसानों ने दिया धरना

**सिरसा।** भाखड़ा की नहरों में पानी छोड़ने की मांग को लेकर शुक्रवार को किसानों ने लघु सचिवालय में धरना दिया। इस दौरान किसानों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके बाद किसानों ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया है कि सिरसा जिला में लंबे समय से नहरों में पानी नहीं है। पानी के अभाव में पशु पक्षियों व जीव जंतुओं का बुरा हाल है। गांव व शहर की जनता के लिए पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। किसानों ने बताया कि किसानों को नरमा की बिजाई के लिए सिंचाई पानी की बहुत जरूरत है। इसलिए सिरसा की सभी नहरों में निर्धारित हिस्से के अनुसार पूरा पानी छोड़ा जाए। किसान नेता प्रकाश ममेरा व रणधीर जोधकां ने धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सिरसा की जनता से पानी को लेकर इससे बुरा समय नहीं देखा।

### प्रमुख मांगें

किसानों की मांग है कि सिरसा जिले की नहरों को पानी पुराने रेगुलेशन अनुसार दो सप्ताह सिंचाई पानी दिया जाए। सिरसा जिले का निर्धारित 2750 क्यूसेक पानी पूरा दिया जाए। इसके अलावा ओटू हेड से राजस्थान सीमा तक घग्घर की धार की खुदवाई की जाए व तटबंध मजबूत करके सडक़ निर्माण किया जाए। एनजीसी व एसजीसी नहरों के हिस्से के अनुसार भाखड़ा का पानी दिया जाए। गांवों के जोहड़ नहरी पानी से भरवाए जाएं और बीबीएमबी से हरियाणा का संपूर्ण निर्धारित पानी लिया जाए।

### भगत धन्नाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट ने की बैठक

- आगामी 10 मई को जाट धर्मशाल में कार्यकम का होगा आयोजन
- कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया

**सिरसा।** भगत धन्नाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को भगत धन्नाजी ट्रस्ट की बैठक जाट धर्मशाला में हुई जिसमें ट्रस्ट के सदस्यों की ड्यूटियां लगाई गई। भगत धन्नाजी ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा व प्रधान अमरीक सिंह राही ने संयुक्त रूप बताया कि बीती 20 अप्रैल को सरकार द्वारा भगत धन्नाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इसलिए ट्रस्ट द्वारा भगत धन्नाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम उस दिन आयोजित करने की बजाय आगामी 10 मई को जाट धर्मशाला में आ यो जि त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। इस दिन ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित भगत धन्नाजी की पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। बैठक में भगत धन्नाजी ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय प्रधान रीटा कासनिया, प्रो. रणजीत सिंह, डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों, एडवोकेट हनुमान गोदारा, अंग्रेज सिंह औलख, सुभाष बाजेकां, कमलदीप शर्मा, इंद्रपाल कसवां, मुकेश लाखलान, पूर्व सरपंच दयाराम कंबोज, महेंद्र घणघस, पूर्व सरपंच विनोद सहारण, शीशपाल झोरड़ सहित अनेक सदस्यों ने अपने विचार रखे और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## बाल विवाह व घरेलू हिंसा पर सरपंचों को किया जागरूक

- जिला परिषद के सीईओ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पंचायत संसाधन केंद्र में खंड फतेहाबाद के सरपंचों ने प्रशिक्षण लिया। जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मास्टर ट्रेनर फकीर चंद व मुकेश बंसल पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक डीपीएम (राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान) अंकुश है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50-50 की संख्या में सरपंच भाग लेंगे। प्रोजेक्ट ऑफिसर अजय नैन ने सरपंचों को ई टेंडर के बारे में बताया हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन से खंड समंवयक सतबीर ने सरपंचों को बताया कि किस तरीके से एक स्वयं सहायता समूह कार्य करता है और वे अपने गांव की महिलाओं को इसके बारे में अवगत करवा कर कैसे अपने गांव के आर्थिक हालात को सुधार सकते हैं।

### सरपंचों ने उत्साह से लिया हिस्सा

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सुशील ने टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के बारे में सभी को बताया कि टीबी के क्या लक्षण होते हैं, किस तरीके से से बचाव हो सकता है तथा कैसे हम अपने ग्रामीणों को इसे सुरक्षित रख सकते हैं। मास्टर ट्रेनर रेखा अग्रवाल ने बाल विवाह व घरेल हिंसा पर सरपंचों को जागरूक किया। सरपंचों ने भी बड़े उत्साह के साथ इस प्रशिक्षण में भाग लिया व आए हुए मास्टर ट्रेनर्स और अधिकारियों से प्रश्नोतर के माध्यम से अपने संदेहों को दूर किया।

## हरियाणा का पानी कम करने पर प्रदर्शन 6 को

- इनेलो सदैव किसानों के हित में, केंद्र को भेजेंगे ज्ञापन : जस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि इनेलो सदैव किसानों के हितों को समर्पित है और इसी कड़ी में पंजाब द्वारा हरियाणा का पानी कम करने को लेकर आगामी 6 मई को इनेलो उपायुक्त के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजेगी। जस्सा शुक्रवार को डबवाली हलके के विभिन्न गांवों घुकांवाली, नुहियांवाली, सालमखेड़ा, किंगरे, जंडवाला, मलिकपुरा, चोरमार, ओढां आदि में पार्टी की ओर से चलाए जा रहे हर घर झंडा अभियान के तहत ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उपरोक्त गांवों में सैकड़ों घरों एवं प्रतिष्ठानों पर इनेलो का झंडा लगाने के बाद जस्सा ने कहा कि पंजाब की मान सरकार ने वर्ष 2027 में पंजाब के विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत वोटों की राजनीति करते हुए जानबूझकर हरियाणा के हक का पानी काटा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान का ये कहना कि पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरेंद्र सिंह व स्व. प्रकाश सिंह बादल के समय में गलती से हरियाणा को ज्यादा पानी दिया जा रहा था, समझ से परे है। जस्सा ने सवाल किया कि अपने साढ़े तीन साल की सरकार का समय पूरा होने के बाद सीएम भगवंत सिंह मान को क्या अब पता चला है कि हरियाणा को ज्यादा पानी मिल रहा है?



**सिरसा।** ग्रामीणों के घरों पर इनेलो का झंडा लगाते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### पानी काटना बना संकट

उन्होंने कहा कि पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी काटने के कारण प्रदेश के किसानों के लिए नरमे की बिजाई में बड़ा संकट पैदा हो गया है। इनेलो की जिला इकाई 6 मई को सुबह सुबह 10 बजे सिरसा स्थित लघु सचिवालय में एकत्रित होगी और पंजाब की हठधर्मिता के खिलाफ प्रदर्शन के बाद उपायुक्त के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। शुक्रवार को हर घर झंडा अभियान में इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा के साथ पार्टी के वरिष्ठ मंदर सिंह सरां, बलदीप बागड़ी, राजबीर घुकांवाली, कालांवाली सिंह घुकांवाली, सुरेंद्र कूकणा, सूरजभान, राजवंत चोरमार, गुरमेल सिंह व गुरमीत सिंह जंडवाला सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हथियारों सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एवीटी स्टाफ की सतर्कता के चलते पुलिस ने एक युवक को काबू किया गया, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असला बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान गुरजीत सिंह उर्फ जीती पुत्र वलबिन्द्र सिंह निवासी ढाणी बबनपूर के रुप मे हुई है। डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि एवीटी प्रभारी बेद के नेतृत्व मे पुलिस टीम पुलिस अधीक्षक सिंद्धांत जैन के आदेशानुसार अपराध की रोकथाम हेतु गांव ढाणी बबनपुर के नजदीक गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी गुरजीत सिंह उर्फ जीती उक्त को काबू कर नियमानुसार तलाशी अमल मे लाई गई तो उसके कब्जा से चार नाजायज पिस्तौल व 11 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ 3 फतेहाबाद में व एक पंजाब में लडाई झगडे मामले अंकित है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में हथियारों सहित पकड़ा गया युवक।

### भूना से युवक को गांजा सहित काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने भूना क्षेत्र से एक युवक को गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान हंसरूप उर्फ सुनील कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी जांडली खुर्द के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना भूना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव जांडली खुर्द के पास पहुंची तो शक के आधार पर एक युवक को काबू किया।

### मोबाइल छीनने के मामले में दो काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक से मोबाइल छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान सन्नी पुत्र औमप्रकाश व गुरचरण सिंह उर्फ टाइगर निवासी नजदीक शिव मंदिर, दरियापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन को बरामद कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई औमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 7 फरवरी को डीएसपी रोड फतेहाबाद निवासी दीपांशु की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## ट्रेक्टर-लोडर की खरीद में धोखाधड़ी, चार पर केस दर्ज

- पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डबवाली पुलिस ने गांव गोरीवाला निवासी श्याम सुंदर पुत्र दलीप सिंह की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में श्याम सुंदर ने बताया कि उसने 2023 में अपनी पत्नी के नाम जोनडियर कंपनी का ट्रेक्टर खरीदा था, जिस पर कंपनी का लोडर भी फिट भी करवाया। उसने पैसे की जरूरत होने पर ट्रेक्टर-लोडर बेचने की इच्छा जाहिर की। जिस पर हरविंद्र पुत्र अमरजीत निवासी कालिया, राकेश पुत्र रामकुमार निवासी घड़साना, सुधीर पुत्र रामरतन निवासी डियोल राबला मंडी व शेर सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी अनूपगढ़ ने उससे संपर्क किया। बताया कि वे वाहनों की खरीद-बेच का सौदा करते है। उन्होंने लोडर सहित ट्रेक्टर का 20 लाख में सौदा तय किया। उन्होंने 95 हजार नगद, 5 हजार गुगल-पे से दिए और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के दो चैक दिए। बकाया राशि एक सप्ताह में देने की बात कहकर ट्रेक्टर-लोडर ले गए। समयावधि बीतने पर जब आरोपियों से संपर्क किया तो फोन बंद मिलें। बैंक में चैक लगाने पर बाऊंस हो गए। पता करने पर ज्ञात हुआ कि आरोपियों का गैंग है जोकि लोगों को इसी प्रकार ठगते है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सभी चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर उनकी तलाश शुरू की।

### रोहताश बने भाजपा सिरसा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष

**सिरसा।** जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट द्वारा सिरसा ग्रामीण मंडल विधानसभा सिरसा के मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें रोहताश पलथानिया को अध्यक्ष, रविंद्र चौहान व सतपाल गिरी को महामंत्री, मेनपाल चलका, सतपाल जोधकां, भजनलाल बैनीवाल सुरेंद्र जेवलिया को उपाध्यक्ष, जसविंद्र कंबोज, विकास शर्मा, सतबीर सिंह, सरोज रानी, कविता रेगर को सचिव नियुक्त किया है। इसके अलावा कमलेश रानी को कोषाध्यक्ष, राजेश जांगड़ा को सहकोषाध्यक्ष, मीडिया प्रमुख कृपाराम लाखलान, आईटी सैल प्रमुख सुभाष छिंपा, आदि मौजूद रहे।

**सम्मान** वकीलों से समाज व राष्ट्रहित में अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का आह्वान

## बार एसोसिएशन के प्रधान गंगाराम ढाका सहित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट धर्मशाला सभा के प्रधान मोहन लाल झोरड़ ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जाट धर्मशाला में जाट धर्मशाला सभा की तरफ से शुक्रवार को बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट गंगाराम ढाका व अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट धर्मशाला सभा के प्रधान मोहन लाल झोरड़ ने की। इस अवसर पर जाट धर्मशाला सभा की तरफ से बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट गंगाराम ढाका, उप प्रधान एडवोकेट केवल कृष्ण कंबोज, उप प्रधान एडवोकेट अनुज गनेरीवाला, सचिव एडवोकेट हरदीप सिंह, संयुक्त सचिव एडवोकेट दलजीत कौर व एडवोकेट भारत भूषण गर्ग को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जाट धर्मशाला सभा के प्रधान मोहन लाल झोरड़ ने सभी वकीलों से समाज व राष्ट्रहित में अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जाट धर्मशाला सभा की तरफ से एडवोकेट अमर सिंह बैनीवाल, रामजी लाल धेतरवाल, अजय सिंह झोरड़, हरी सिंह चाहर, महेंद्र कूकणा, शिशपाल झोरड़, सुरेंद्र नुईयां, जयवीर बैनीवाल, उमेद सिंह सिहाग, महेंद्र घणघस, मदन कस्वां, एडवोकेट भूपेंद्र पचार, मैनेजर ओम प्रकाश शर्मा के अलावा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ आए एडवोकेट हरी सिंह सहारण, एडवोकेट विकास ढिल्लों, एडवोकेट कृष्ण लांबा, एडवोकेट हनुमान गोदारा, एडवोकेट विनोद बैनीवाल, एडवोकेट सतपाल धारीवाल, देव मेहला, अमर सिंह घोटिया, चेयरमैन जगदेव साहुवाला सहित अनेक लोग मौजूद थे।



**सिरसा।** बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## सुचान में मनाया मजदूर दिवस, शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव सुचान की कबीर बस्ती में मजदूर दिवस बनाया गया, जिसमें शिकागो के शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल ज्ञानचंद, मनोज पचेरवाल, तिलक राज विनायक ने कहा कि किस तरह शिकागो के मजदूरों ने अपनी कुर्बानी देकर आपके काम के समय के घंटे को कम करवाया और पूरी दुनिया में मजदूरों की ताकत व संघर्ष का लोहा बनवाया। मजदूरों का जीवन और बेहतर हो इसके लिए सभी को संघर्षरत रहना होगा।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर महिलाओं में निर्मला, कमलेश, संतरा, शर्मिला, कांता देवी, प्रणय किरण, दीपिका, सुनीता कृष्णा देवी, विमला, माया, मोहिनी, पूजा, शेर सिंह, जगदीश, सतपाल, दातार, ईश्वर, विनोद, सुनील पालाराम, रिंकू, विनोद आदि मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

मैं, बिमला पत्नी स्वर्गीय बीरबल निवासी नहला, सब तहसील भूना, जिला फतेहाबाद ब्यान करती हूं मेरा लड़का धर्मपाल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

